डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष कृष्ण 02, 2083 | भोपाल, दिन गुरुवार, दिनांक 26 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

बोर्ड ऑफिस से होगी पदयात्रा इंडिया गठबंधन की रैली के लिए मांगा लाल परेड ग्राउंड

आगामी 12 दिसंबर को राजधानी भोपाल में प्रस्तावित इंडिया गठबंधन की महारैली को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने 7 से 13 दिसंबर तक के लिए प्रशासन से लाल परेड ग्राउंड की मांग की है, हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक मैदान आवंटन की स्वीकृति नहीं मिल सकी है 12 दिसंबर को रैली दलों के नेता जुटेंगे हैं।

मेडिकल कॉलेज कर्मचारियों ने उठाई मांग

भोपाल। चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी कल्याण समिति के दीपावली मिलन और गार्डी मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त डीन डॉ. सुनीत टंडन के स्वागत समारोह में करीब 400 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में दीपगढ़ पहाड़ी कुलदीप सिंह गुर्जर, रामलाल गणेरी, मेघा डूबे व गयाप्रसाद सिंह गौजूद रहे। प्रदेश संयोजक राजन नायर की अध्यक्षता में हुए आयोजन में कर्मचारियों के लंबित एम्प्लॉयी फीस की मांग प्रमुखता से उठाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच प्रदेश सचिव सौरभ जोशी और समिति में कर्मचारी हितों पर चर्चा व बेहतर मरीज सेवा का संकल्प दोहराया।

योजना में फंड रिलीज व भुगतान की मांग

भोपाल। कई कर्मचारी संगठनों ने दीनदयाल ईलाज इलाजोत्थान योजना की खामियां दूर करने और भुगतान प्रक्रिया तेज करने की मांग की गई है। इसमें योजना के लिए तत्काल फंड जारी करने और रीइंबर्समेंट का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है, ताकि मरीजों व अस्पतालों को लंबा इंतजार न करना पड़े। राज्य ही को ये सुविधा लागू करने, दुरस्त लोगों व अन्य राज्यों में नेटवर्क अस्पताल बढ़ाने की मांग की गई है। पैर-नेटवर्क अस्पताल में आपात इलाज पर भुगतान गारंटी या रीइंबर्समेंट देने तथा 30 जून व 31 दोहरीख से जुड़े बिंदुओं के निराकरण की बात कही गई है।

आयुक्त लोक शिक्षण को सौंपेंगे आभार पत्र

भोपाल। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ ने लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह के प्रति आभार जताने का निर्णय लिया है। संघ के कार्यकारिणी सदस्य संजय अवस्थी ने पत्र में बताया कि कार्यालय में कर्मचारियों को सुनियादी सुविधाएं और महंगी मिनरल वाटर की बोतल उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयुक्त कर्मचारी संगठनों की बैठक लेकर समस्याएं और सुझाव भी सुनते हैं। गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलकर आभार पत्र प्रस्तुत करेगा।

जनगणना के आंकड़ों की गुणवत्ता पर निर्भर होगा विकास योजनाओं का भविष्य, मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

जनगणना–2027 की तैयारियों को लेकर भोपाल में राज्य स्तरीय सम्मेलन

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

जनगणना से जुटाए जाने वाले आंकड़ों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता पर ही देश एवं प्रदेश की आगामी विकास योजनाओं की दिशा निर्भर करेगी। यदि आंकड़ों के संकलन का आधार कमजोर रहा, तो उसके आधार पर तैयार होने वाली नीतियां और योजनाएं भी प्रभावित होंगी। इसलिए जनगणना का कार्य पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और सटीकता के साथ सम्पादित हो, यह बात मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को भोपाल में आयोजित जनगणना–2027 के राज्य स्तरीय सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में कही।

आरसीपीसी नवीन प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश और गृह विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य सचिव ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की गणना करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आगामी वर्षों की विकास योजनाओं और नीति निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आवासीय योजना, परिवहन और आर्थिक विकास से जुड़ी योजनाओं के निर्माण के साथ संसाधनों के संतुलित आवंटन में भी जनगणना के आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

सम्मेलन में अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय कुमार शुक्ला, गवर्नेंस एक्सपर्ट एवं महानिदेशक प्रशिक्षित दास सहित प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुए। इसके अलावा सभी संभागायुक्तों, 55 जिलों के कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों तथा राज्य एवं जिला स्तर पर जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को अगामी तैयारियों, प्रशासनिक जिम्मेदारियों, डिजिटल तकनीक और प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी गई।

जनगणना–27 की तैयारियों को लेकर भोपाल में राज्य स्तरीय सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यशाला



मैदानी अधिकारियों के लिए बनेगी समग्र हैंडबुक

मुख्य सचिव उमराव ने जनगणना कार्य निदेशालय को बताया कि सरकार की ओर से जारी 31 से अधिक परिपत्रों और निर्देशों को एकीकृत कर समग्र हैंडबुक तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य मैदानी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी जरूरी जानकारियां एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, ताकि कार्य से जोड़ाव संबंधी भ्रम की स्थिति न बने।

पहले चरण में मध्यप्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण में मध्यप्रदेश ने देश के आगामी चरणों में स्थान प्राप्त किया है। अब दूसरे चरण में प्रदेश को देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सम्मेलन का उद्देश्य प्रशिक्षण स्तर की तकनीकों की समीक्षा, द्वितीय चरण की तैयारियों का अंतिम रूप देना और डिजिटल एप्लीकेशन की प्रक्रिया से प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को अवगत कराना था। जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक संदीप श्रीवास्तव और अपर आयुक्त (गृह) एवं संयुक्त गोपाल अधिकारी आदित्य मालवीय ने विभिन्न तकनीकी एवं प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया।

प्रशिक्षण की जिम्मेदारी खुद संभालें कलेक्टर

मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित रहें। अधिकांश भी जिम्मेदारी केवल अधीनस्थ अधिकारियों पर नहीं छोड़ें जाए, क्योंकि जनगणना के पैनापी कार्य की गुणवत्ता पीछे प्रशिक्षण पर निर्भर करती है। उन्होंने सहायी होने के कार्य की जटिलता को देखते हुए नगर निगम आयुक्तों को स्वयं मैदान और वार्डवार की जिम्मेदारी संभालने के निर्देश भी दिए।

एसआई बताकर 42 लाख की ठगी, नोट गिनते तीन वीडियो आए सामने

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



फर्जी पी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले रामानुज उर्फ रामप्रसाद गुर्जर को गांधी नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी करीब 14 साल से ठगी कर रहा था और अब तक अलग-अलग लोगों से लगभग 42 लाख रुपए ऐंठ चुका है। उसके पास से कलेक्टर और विभिन्न सरकारी कार्यालयों की कई रील भी बरामद हुई है।

पुलिस के मुताबिक, एरोसिटी रोड स्थित एलडी कसिया नगर निवासी रामानुज (40) के खिलाफ अगस्त में रामनारायण गुर्जर ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी ने कलेक्टर कार्यालय और अधिकारियों से पहचान होने का दावा करते हुए आर्म्स लाइसेंस बनवाने का झांसा दिया। इस काम के बदले उसने 7 लाख रुपए लिए। इनमें 4 लाख रुपए बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि शेष राशि नकद ली गई।

डॉक्टर से प्लॉट के नाम पर 30 लाख लिए

पुलिस को मिली अन्य शिकायतों के अनुसार, आरोपी ने पत्रकारिता संगठन क्षेत्र में एक डॉक्टर को प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 30 लाख रुपए लिए थे। बताया गया कि इस रकम से उसने अपना दफ्तर जोन चुकवाया। करीब 14 साल पहले जयपुर में भी उसके खिलाफ पी अधिकारी बनकर ठगी करने की शिकायत सामने आई थी।

नोट गिनने के वीडियो मिले

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के तीन वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें वह नोट गिनता दिखाई दे रहा है। ये वीडियो शिकायतकर्ता रामनारायण ने जुलाई 2024 में उपलब्ध होने का दावा करते हुए पेन ड्राइव में दिए थे। आरोपी के पास नाजायज सरकारी कार्ड भी मिला है। पुलिस उसके और साथियों की भूमिका की जांच कर रही है।

कोपरा सिंचाई परियोजना पूरी होते ही राजनीति से संन्यास लूंगा

9 बार के विधायक ने कहा– अब जीवन का एकमात्र लक्ष्य परियोजना

डीआर संवाददाता॥ सागर



मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री और सतनी से लगातार नौ बार विधायक चुने गए गोपाल भार्गव ने अब राजनीति से संन्यास लेने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोपरा सिंचाई परियोजना का निर्माण पूरा होते ही वे सक्रिय राजनीति छोड़ देंगे। अब उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य इस परियोजना को पूरा कराना है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति में बदलाव आ सके। भार्गव सोमवार को रहली विधानसभा क्षेत्र के बांध स्थल पर स्वास्थ्य केंद्र भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लगभग सभी 968 काम पूरे हो चुके हैं। अब केवल बांध का निर्माण ही बचा अंतिम चरण है। मुख्यमंत्री से जब भी उनकी चर्चा होती है, वे इस परियोजना को पूरा कराने की बात प्रमुखता से रखते हैं।

1985 से लगातार जीत रहे चुनाव'

गोपाल भार्गव वर्ष 1985 में पहली बार रहली विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे। इसके बाद वे लगातार नौ चुनाव जीत चुके हैं। भाजन सरकारों में उन्होंने सहकारिता, लोक निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। कांग्रेस की 15 महीने की सरकार के दौरान वे नेता प्रतिपक्ष भी रहे। हालांकि, इस बार उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। उनको सरकार संबंधी बयान से प्रदेश की राजनीति में उनके भविष्य को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, भार्गव ने राजनीति छोड़ने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बताई है।

संघ प्रमुख बोले– दुनिया अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहती है, भारत का उद्देश्य सभी की मदद करना

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत नहीं चाहती कि भारत तरक्की करे। इसकी वजह दैविक शक्तियों की वर्चस्व बनाए रखने की मानसिकता है। ये दूसरे देशों को अपने दबाव में रखना चाहती हैं। भारत के आगे बढ़ने से ऐसी ताकतों का प्रभुत्व कमजोर होगा।

भागवत बुधवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में चाणक्य पद्मश्री महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य केवल अपनी प्रगति करना नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की सहायता करना है।

उन्होंने कहा कि पैरिस्क्रिप्ट शक्तिया 'लबोइजन ऑफ द फिटेस्ट' यानी सबसे सक्षम के अस्तित्व के सिद्धांत में विश्वास करती है। उनकी सोच अपना प्रभुत्व बनाए रखने और दूसरे देशों को दबाव में रखने की है। इसके विपरीत भारत की विचारधारा सबके कल्याण और सहयोग पर आधारित है। भागवत के मुताबिक, भारत की विकास यात्रा का उद्देश्य केवल आर्थिक उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि दुनिया के लिए भी सहयोग और सहायता का मार्ग तैयार करना है।

अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव से हटाया

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

जिला अभिभाषक संघ भोपाल के निर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र रावत को एजीएम कार्यशैली से नाराज होकर संघ के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास कर उन्हें पद से हटा दिया है। जिला अभिभाषक संघ भोपाल के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने मंडिला उपाध्यक्ष को जिला अभिभाषक संघ भोपाल के कार्यवाहक अध्यक्ष का प्रभार सौंपा है। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रभार संभालने के बाद जिला अभिभाषक संघ भोपाल के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने आम सिपाहियों के बीच मतभिन्नता को दूर करने का प्रयास शुरू किया है। कार्यकारिणी सिपाहियों ने अध्यक्ष को पद से नहीं हटा सकती। यह भी एक संवाद है कि उन्हें 2012–14 के अध्यक्षीय कार्यकाल दौरान देवेंद्र रावत के खिलाफ ही ऐसी परिस्थिति निर्मित हुई थी। तब भी तत्कालीन पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास कर उन्हें पद से हटाया था।

पानी सप्लाई का ठेका निजी कंपनी को देने पर कांग्रेस का विरोध

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



शहर की कॉलोनियों में जलापूर्ति, जलकर वसूली और पाइपलाइन रखरखाव का ठेका निजी कंपनी को सौंपने के नगर निगम के फैसले पर विवाद शुरू हो गया है। कांग्रेस ने सोमवार पार्षदों ने निगम आयुक्त चन्द्रशेखर अहिरवार से मुलाकात कर फैसले का विरोध जताया और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की।

नेता प्रतिपक्ष सविता उपाधी ने कहा कि इस प्रस्ताव को एमआईसी ने निजी कंपनी गजानंद विश्वविद्युति पॉवर प्रमुखेट लिमिटेड को जिम्मेदारी सौंप दी। उन्होंने सवाल उठाया कि सिंचयोरिटी जमा कार्य करने वाली कंपनी को जलप्रदाय की जिम्मेदारी कैसे दी गई।

कार्यरत पार्षदों ने आरोप लगाया कि निगम करीब 250 रुपए मासिक जलकर लेता है, जबकि निजी कंपनी 700 रुपए तक वसूल सकती है।कमिश्नर ने मामले की जानकारी लेकर जांच कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि रहवासी समितियों की सहमति होने पर ही व्यवस्था लागू की जाएगी। नई व्यवस्था में उपभोगी को 17 रुपए प्रति हजार लीटर पानी मिलेगा, जबकि रहवासियों से 20 से 22 रुपए वसूले जाएंगे। भोपाल की 828 कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन हैं।

मौसम | प्रदेश में शीतलहर का असर तेज, दमोह में पारा 7.4

रात के तापमान में लगातार दूसरे दिन गिरावट पांच शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश में मौसम साफ होते ही ठंड ने अपना असर तेज कर दिया है। उत्तरी हवाओं के कारण पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी की ठंडक अब मैदानी इलाकों तक पहुंचने लगी है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में रात के तापमान में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। कुल्लार को प्रदेश में सबसे ठंडी रात दमोह की रही, जहां न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं भोपाल में भी शीतलहर का असर देखने को मिला और रात का पारा गिरकर 8.2 डिग्री पर पहुंच गया।

पांच शहरों में 10 डिग्री से नीचे रहा तापमान



प्रदेश के पांच शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। इनमें दमोह में 7.4, कटनी (कटनी) में 7.5, नियर (होशंगाबाद) में 8, भोपाल में 8.2 और रीवा में 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भोपाल से सटनाथ से 5.4 डिग्री कम तापमान दर्ज किया गया। इसके चलते सुबह और शाम के समय ठंड का असर अधिक महसूस हुआ। राजधानी में शीतलहर की स्थिति बनी रही।

उत्तरी हवाओं से बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विशेषज्ञ एक खुलना के अनुसार मौसम साफ होने के बाद हवाओं का रुख उत्तरी हो गया है। इसके चलते पहाड़ी पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में तापमान गिरने के रूप में दिखाई दे रहा है। आने वाले दिनों में शीतलहर का प्रभाव और बढ़ सकता है। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भी प्रदेश के कुछ जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है। भोपाल के साथ रायसेन और राजगढ़ में भी कोल्ड डेय का असर रहने का अनुमान है।

प्रदेश के औसत तापमान में डेढ़ डिग्री की गिरावट

बुधवार को प्रदेश में न्यूनतम तापमान में औसतन करीब डेढ़ डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री रहा। मालवांचल के सबसे अधिक चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। यहीं उज्जैन, सीपी, मंदसौर, इंदौर और जबलपुर सहित एक दर्जन से अधिक शहरों में रात का तापमान 2 से 3 डिग्री तक नीचे आया। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब दो डिग्री कम रहने से ठंड बढ़ गई है।

सुबह और रात में विशेष सतर्कता की जरूरत

तापमान में लगातार गिरावट के कारण सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाव की जरूरत है। मिलाजुल दिन में धूप रहने से कुछ राहत मिल रही है, लेकिन सूर्यास्त के बाद तापमान तेजी से गिरने से ठिठुरन बढ़ रही है। मौसम के जानकारों के मुताबिक, 9 दिसंबर के बाद पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव आ सकता है। इसके बाद रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है।

केन्द्रीय बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

डीआर संवाददाता॥ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के संदर्भ में खेती–किसानी के विकास और किसानों के कल्याण पर अपनी बात रखी।बैठक में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना भी उपस्थित थे।बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े सभी लंबित एवं प्रस्तावित वि और ग्रामीण विकास के कई सकारात्मक प्रस्तावों पर चर्चा की। निश्चित रूप से बैठक में हुए प्रस्तावों से ग्रामीण विकास की योजनाओं को गति मिलेगी, साथ ही कृषि से जुड़े सपने गति और अन्य लंबित मुद्दों को भी गति मिलेगी। वहीं, ग्रामीण समृद्धि की दृष्टि से क्लस्टर बनाने की नीतियां धरातल पर उतरेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का दीर्घ अनुभव हमें मुख्यमंत्री होने के नाते मिला है, इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री के रूप में उनके अनुभव का लाभ हमें मिल रहा है। आज राज्य सरकार में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं एदल सिंह कंषाना सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज सकारात्मक बैठक हुई।

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, 02,2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 26 ,2026

न्यूज गैलरी

संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आज

सीहोर। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के सफल एवं प्रभावी आयोजन के लिए कलेक्टर कौशलेन्द्र के. ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। सुबह 11 बजे जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं अशासकीय संस्थाओं में भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया जाएगा।

अभियान: लसूड़िया खास में शिविर कल

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के अंतर्गत 27 नवम्बर को सीहोर विकासखंड के ग्राम लसूड़िया खास में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

राजस्व मंत्री करण सिंह आज बैठक में होंगे शामिल

सीहोर। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे भोपाल से सीहोर के लिए प्रस्थान करेंगे व दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत सभागार पहुंचकर पीएमजेवी सामग्री एवं सामाज खेल महोत्सव के संबंध में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

नेशनल लोक अदालत 12 दिसम्बर को

सीहोर। 12 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत में मिजाती चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को सम्झौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कमी होना आकलित लिमिट वायोल्य की दृष्टि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित दरि के बुनाना में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के के बाद हर छमाही पश्चादृष्टि पर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

नेशनल पावर लिफ्टिंग में हैदर ने जीता गोल्ड

अम्बा छत्तीसगढ़ के दुर्ग में 23 और 24 नवंबर को आयोजित सेकन्ड इंडिया नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सीहोर के हैदर शाह ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 83 किलोग्राम सीनियर वर्ग में ओवरऑल गोल्ड मेडल जीता। हैदर ने स्क्वाट में 260 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 280 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं बेंच प्रेस में 135 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता। उनकी उपलब्धि पर जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन ने बधाई दी।

104 नंबर रेलवे गेट बंद, सर्विस रोड पर गिट्टी के ढेरय संकरी पुलिया से गुजर रहे लोग

सीहोर। रेलवे ओवरब्रिज बनने के बाद 16 नवंबर से रेलवे का 104 नंबर गेट स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, लेकिन सर्विस रोड की अधूरी व्यवस्थाओं से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बागबन्धपुरी से हरदोनिया बोर्ड कॉलोनी जाने वाले लोग लंबा चक्कर लगाने के लिए बंद गेट के पास बनी संकरी पुलिया से गुजर रहे हैं। वहीं सब्जी बेचने वाले हाथठेला चालकों को ब्रिज की काफी चढ़ाई चढ़ने में परेशानी हो रही है।

फरार हाथ-मुंह धुलाने के लिए हवालात से निकाला, हथकड़ी खिसकाकर भागा

पुलिस रिमांड पर लिया आरोपी पुलिस को चकमा देते हुए थाने से भागा गया

डीआर संवाददाता॥ सीहोर

कोतवाली थाने में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस रिमांड पर लिया गया एक आरोपी हथकड़ी खिसकाकर पुलिस को चकमा देते हुए थाने से फरार हो गया। आरोपी को सुबह हाथ-मुंह धुलाने और शौच-नाश्ता कराने के लिए हवालात से बाहर निकाला गया था। इसी दौरान वह पुलिस जवानों को चकमा देकर भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई और आरोपी की तलाश में शहर के विभिन्न रास्तों पर नाकेबंदी बढ़ा दी। पुलिस टीम ने तत्काल दिखाते हुए कुछ ही देर में आरोपी को सीहोर बायपास स्थित जहांगीरपुरा जोड़ के पास से पकड़ लिया।



सीहोर में दर्ज अपराध क्रमांक 541/26, धारा 318(4) बीएनएस के मामले में आरोपी फरीद खां पिता बब्बू खां (22 वर्ष), निवासी राम गोलबंद, थाना पचलिया, पिपरा खोजल को न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लिया गया था। न्यायालय से रिमांड मिलने के बाद उसे थरेलाली थाने की हवालात में रखा गया था। पुलिस इस मामले में एसमे पूछताछ कर रही थी।

घोखाधड़ी के मामले में पुलिस रिमांड पर था आरोपी

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना

हथकड़ी लगाकर हवालात से निकाला

मंगलवार सुबह करीब 7 बजे ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान आरोपी फरीद खां को हाथ-मुंह धुलाने और शौच-नाश्ता कराने के लिए हथकड़ी लगाकर हवालात से बाहर लेकर आया था। उसी दौरान आरोपी ने अपने हाथ से हथकड़ी खिसकाने की और मौका पाकर पुलिस को धक्का देते हुए थाने से बाहर भाग गया। जवानों को जब तक इसकी जानकारी हुई, तब तक आरोपी थाने से निकल चुका था।

सूचना मिलते ही सक्रिय हुआ कोतवाली पुलिस अमला

आरोपी के फरार होने की जानकारी मिलते ही डकूटी पर तैनात पुलिस जवानों ने तत्काल थाने के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचना दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस की तीन से चैना टीम बिए आरोपी की तलाश शुरू कर दी। संभावित रास्तों पर पुलिसकर्मियों को रवाना किया गया और शहर से बाहर जाने वाले मार्गों पर नाकाबंदी बढ़ा दी गई। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में भी तलाश की।

'जहांगीरपुरा जोड़ के पास घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस स्टाफ के सहयोग से की गई सघन तलाश के दौरान आरोपी फरीद खां सीहोर बायपास क्षेत्र में जहांगीरपुरा जोड़ के पास मिल गया। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और सुरक्षित पकड़ कोतवाली थाने लेकर पहुंची। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी शहर से अधिक दूर नहीं जा सका। उसके फरार होने के बाद शहर की सीमाओं और संभावित रास्तों पर भी पुलिस निगरानी बढ़ाई गई थी।

फरार होने पर अलग से मामला दर्ज

कोतवाली थाना प्रभारी निरीश दुबे ने बताया कि आरोपी पुलिस को चकमा देकर थाने से भाग गया था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध हवालात से भागने के मामले में नया प्रकरण दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

डीआर संवाददाता॥ सीहोर

शहर के मंडी रोड में सुबह को पारिवारिक विवाद से खलो लड़के नाम के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना गुरूवार की सुबह के आसपास की बताई जा रही है। घटना के समय लड़के की मां व्हीलचेयर पर थी। बुधवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने लड़के को घेर लिया और पास की किराना दुकान से चाकू लाकर उसकी पसली पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल लड़के को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



रिश्तेदारों पर भी घटना में शामिल होने का आरोप

घटना के बाद अस्पताल में परिजनों की भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजनों ने परिवार के अन्य सदस्यों पर भी वारदात में शामिल होने का आरोप लगाया है।

बताया गया कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं। घटना के समय लड़के की मां व्हीलचेयर पर थी। घटना के बाद से दोनों पक्षों के घरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

3 थानों की पुलिस ने 101.91 लीटर से अधिक शराब की जब्त, 24 घंटे में अलग-अलग स्थानों पर दी दबिश

डीआर संवाददाता॥ सीहोर

जनपद सराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के विरुद्ध चलाई अनुपाल पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की। 24 नवंबर को थाना बुदनी, रेहटी और जहांगीर पुलिस ने संयुक्त रूप से 10 प्रकरण दर्ज कर 101.91 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की।

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रज्ञा पांचे के निर्देशन तथा एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।



थाना बुदनी पुलिस ने 66 अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 83.500 लीटर शराब जब्त की। इसमें कच्ची महुआ शराब के साथ देसी और अंग्रेजी शराब शामिल है। वहीं, थाना रेहटी पुलिस ने तीन प्रकरण दर्ज कर देसी शराब के 18 पव्वे और 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। थाना जहांगीर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 35 क्वार्टर देसी शराब जब्त की।

इस तरह तीनों थानों ने आबकारी अधिनियम के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किए। पुलिस के अनुसार अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ढाबों, पुलियों और संदिग्ध स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है।

अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

सीहोर में दिन का तापमान 28 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान,

डीआर संवाददाता॥ सीहोर

सर्दियों की आहिस्ती दिनों में जिले में ठंक का असर बढ़ने लगा है। गुरुवार सुबह तापमान करीब 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक रहने की संभावना है। सुबह और रात में ठंड महसूस हो रही है, जबकि दोपहर में तेज धूप के कारण मौसम गर्म बना रहेगा।

सुबह-शाम गर्म कपड़ों की जरूरत

सुबह उठते समय और रात

तापमान के बदले गतिविधि बीच पर निकलने वालों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लोग घरों से निकलते समय गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

शाम ढलने के बाद ही तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई।

दोपहर में तेज धूप से राहत

दिन चढ़ने के साथ धूप तेज होने से तापमान बढ़कर 28 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में सुबह-शाम गर्म कपड़ों की जरूरत बनी रहेगी, जबकि दोपहर में चैलन अपेक्षाकृत गर्म रहेगा। तिल और गन्ने के तापमान में करीब 17 डिग्री का अंतर रहने की संभावना है। मौसम के इस बदलाव से लोगों को दिनचर्या में सामान्य बदलाव करना पड़ रहा है।

भाभी को दी जान से मारने की धमकी,

मैरठा। थाना क्षेत्र के ग्राम धोरखेड़ा में जमीन बंटवारे को लेकर गली देवर के बीच विवाद सामने आया है। फरियादिया मीनाक्षि सिंह पैलाी ने देवर पुष्पेंद्र सिंह पैलाी पर खेत की तार फेंसिंग, चरियल के पेड़ और रीसीटीवी कैमरे तोड़ने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार 22 नवंबर को रात देवर ने खेत में तोड़फोड़ की। वहीं 26 नवंबर को खेत पहुंचने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाली की नौकुदगी में हुए विवाद के बाद जरिंदाडिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच कर रही है।

बुधनी को जिला बनाने की मांग फिर हुई तेज

डीआर संवाददाता॥ बुधनी

बुधनी को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर सात सूत्रीय आंदोलन के तहत अब राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र भेजे गए हैं। इससे अलावा प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग को उपखंड और सीहोर कलेक्टर को भी पत्र भेजकर बुधनी को जिला बनाने की मांग उठाई गई है।

पत्र में कहा गया है कि जिला मुख्यालय की दूरी के कारण



क्षेत्र के लोगों को विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। बुधनी को जिला बनाने से लाखों लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगी। इससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

आंदोलन के प्रमुख दीपक चौहान ने कहा कि बुधनी को जिला बनाने की मांग अब क्षेत्र की सामूहिक जनभावना बन चुकी है। यह मांग किसी क्षेत्र के विरोध में नहीं, बल्कि आम जनता की सुविधा और प्रशासनिक सुगमता के लिए है।

उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों से आंदोलन जारी रहेगा।

मजदूरी 25 रुपए बढ़ाने की मांग पर अड़े हम्माल, हड़ताल से तुलाई प्रभावित

डीआर संवाददाता॥ इशवर

कृषि उपज मंडी में मजदूरी दर बढ़ाने को लेकर हम्मालों और मंडी समिति के बीच विवाद गहरा गया है। बुधवार को प्रति क्विंटल 25 रुपए मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर हम्मालों ने प्रदर्शन किया हुए हड़ताल का ऐलान कर दिया। इसके चलते मंडी में कृषि उपज की तुलाई और अन्य कामकाज प्रभावित हुए। दोपहर 3 बजे तक तुलाई होती रही, लेकिन इसके बाद काम बंद होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हम्मालों ने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

12 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव से संतुष्ट नहीं हम्माल

हम्माल मजदूरी दर में प्रति क्विंटल 25 रुपए की वृद्धि चाहते हैं, जबकि मंडी समिति ने वर्तमान दरों में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। एसडीएम स्वाति मिश्रा के अनुसार, 12 प्रतिशत वृद्धि के बाद मजदूरी की कुल दर 13.66 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की जा सकती है। हालांकि, हम्माल इस प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि मजदूरी में 25 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होने तक वे काम नहीं करेंगे।

अधिकारियों की समझाइश पर तुलाई के लिए हुए राजी

विवाद की सूचना मिलने पर तहसीलदार गजेंद्र सिंह लोधी मंडी पहुंचे और हम्मालों व व्यापारियों से चर्चा की।

मंडी समिति के दस्तावेजों के अनुसार, हम्मालों के पारिश्रमिक में 12 प्रतिशत वृद्धि का निर्णय लिया गया था। अधिकारियों की समझाइश के बाद हम्माल तुलाई करने के लिए राजी हो गए, लेकिन मजदूरी बढ़ाने की मांग पर अड़े रहे।

बैठक राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बैठक के दौरान समीक्षा की

सांसद खेल महोत्सव के संबंध में मंत्री ने दिये निर्देश

डीआर संवाददाता॥ सीहोर

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इशवर जनपद कार्यालय में बैठक आयोजित कर दीनी जी राम जी योजना तथा सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजना के क्रियान्वयन एवं संचालन की जानकारी प्राप्त की तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री श्री वर्मा ने दीनी जी राम जी योजना के तहत किए जा रहे कार्यों, योजना के संचालन की प्रक्रिया तथा इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों के



संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिले। मंत्री श्री वर्मा ने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने आयोजन की तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, तहसीलदार गजेंद्र सिंह लोधी, जनपद सीईओ कमलेश पैरस तथा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश पटेल, पंचायत सुराना सहित विकास खंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में चार प्रमुख मामलों की सुनवाई की

डीआर संवाददाता॥ इशवर

बुजुर्गों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में चार प्रमुख मामलों की सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष डॉ. प्रज्ञा पांचे सहित कोर उनेरी सदस्य जगत सिंह ठाकुर और अनिल पालीवाल मौजूद रहे।

पहले मामले में एक बुजुर्ग ने शिकायत की कि तेज आवाज में साउंड बजने से उन्हें रात को नींद नहीं आती। इस पर पुलिस ने संबंधित पक्ष को चेतावनी देकर साउंड बजाने से इनकार कर दिया।

दूसरे मामले में 70 वर्षीय बुजुर्ग के 1700 वर्गफीट के प्लॉट पर पड़ोसी द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत की गई। पंचायत ने बोर्ड हटाकर बुजुर्ग को बोर्ड लगाने और प्लॉट पर आने-जाने में बाधा नहीं डालने के निर्देश दिए।

तीसरे मामले में 75 वर्षीय बुजुर्ग और उनके बेटों के बीच खेती की आय को लेकर विवाद



सुलझाया गया। तय हुआ कि साढ़े तीन एकड़ जमीन पर बुजुर्ग अपनी इच्छा से खेती करेंगे और उनसे कोई राशि नहीं मांगी जाएगी।

चौथे मामले में मंदिर के चढ़ावे और जमा राशि के हिसाब को लेकर विवाद पर 6 दिसंबर को सन्वाद की पंचायत में सुनवाई तय की गई। शिकायत वाहत मिलने पर बुजुर्गों ने संतोष जताया।

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 02, 2083 | सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 26 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

मानसिंह और निखिल का राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में चयन

बिलकिसगंज। क्षेत्र के दो खिलाड़ियों मानसिंह पंवार और डायना खेलकूदी निवासी निखिल गेवाड़ा का गयाप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। दोनों 27 से 29 नवंबर तक गुजरात के सूरत में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मानसिंह का चयन ऑलराउंडर के रूप में हुआ है। वे पिछले 10 वर्षों से क्रिकेट खेल रहे हैं और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित उपविजेता बनने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। निखिल आगर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं।

घटिया निर्माण के विरोध में नागरिकों ने रुकवाया काम

आष्टा। नगर में सड़क, नाली और सीवर गारण्टी अवधि की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण में सीमेंट की कम मात्रा, मिट्टी और बिना धुली रेत का उपयोग किया जा रहा है। ताजा मामला कसाईपुरा चौराहे का है, जहां नई दिशी से पीवर खुले पड़े हैं। बुधवार को ठेकेदार के कर्मचारी सम्पत करने पहुंचे तो नागरिकों ने घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए काम रुकवा दिया और गुणवत्ता सुधारने की मांग की।

आष्टा मंडी में 19,451 क्विंटल कृषि उपज की आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को कुल 19,451 क्विंटल तुवरी उपज की आवक दर्ज की गई। लंबाकॉन पीला 4,000 से 8,811 रुपए प्रति क्विंटल बिका। चना राकेट के भाव 8,100 से 8,801 रुपए तक रहे। गेहू सुजाता 3,604 से 6,371 रुपए और गल्ला 4,800 से 5,800 रुपए प्रति क्विंटल बिकी। मक्का के भाव 2,321 से 2,780 रुपए रहे। फल-सब्जी मंडी में 281 क्विंटल आवक हुई। प्याज 500 से 4,310 और लहसुन 2,000 से 19,010 रुपए तक बिका।

पुस्तकें नहीं मिलने पर विधायक के पास पहुंचीं छात्राएं

आष्टा। शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने पुस्तकालय से अध्ययन के लिए पुस्तकें नहीं मिलने की शिकायत विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से की। बुधवार को विधायक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में छात्राओं ने मांग पत्र सौंपकर सभी विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की। छात्राओं का आरोप है कि कॉलेज पुस्तकालय से ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को पुस्तकें नहीं दी जा रही हैं। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विधायक ने जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

रोजगार मेला आज, गारमेंट और क्लिनिक सहित कई कंपनियां करेंगी भर्ती"

आष्टा। बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार देने के लिए 26 नवंबर को शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन होगा। महाविद्यालय की वीए बिल्डिंग में सुबह 11 बजे से भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। गारमेंट कंपनी पहले प्रशिक्षण देकर स्थायी नौकरी उपलब्ध कराएगी। साथ ही रहने और भोजन की सुविधा निशुल्क रहेगी। क्लिनिक सहित अन्य कंपनियां भी विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। मेले में 10वीं और 12वीं पास अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।

मांग | आष्टा मंडी में तुलाई को लेकर विवाद गहराया, किसानों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

छोटे कांटे से तुलाई पर किसानों को 10 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त भार

डीआर संवाददाता॥आष्टा

कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज की तुलाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंडी में बड़ा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा उपलब्ध होने के बावजूद किसानों की उपज छोटे कांटे से तौले जाने का मामला अब राजनीतिक रूप लेने लगा है। किसानों की इस समस्या को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने मंडी कार्यालय पहुंचकर मंडी सचिव नरेंद्र मेवाल से मुलाकात की और बड़े कांटे से तुलाई सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस दौरान मंडी सचिव पर किसानों की समस्याओं के बजाय व्यापारियों का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता नामकर भड़क गए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो मंडी प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

"छोटे कांटे से तुलाई पर किसानों को अतिरिक्त भार"



कांग्रेस नेताओं का कहना है कि आष्टा प्रदेश की ए क्लास कृषि उपज मंडियों में शामिल है, इसके बावजूद यहां किसानों के सुलभ सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मंडी परिसर में बड़ा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा होने के बाद भी किसानों की उपज छोटे कांटे से तौली जा रही है। कांग्रेस के अनुसार इससे किसानों पर प्रति क्विंटल 10 रुपए का अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। छोटे कांटे से तुलाई के दौरान सामेल 50 किलो तक पर करीब 400 ग्राम अतिरिक्त वजन लिया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार गाड़ियों से बड़े इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तुलाई की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन आष्टा मंडी में इसका पालन नहीं किया जा रहा है।

किसानों की जगह व्यापारियों का पक्ष लेने पर भड़के नेता

किसानों की समस्याओं को लेकर मंडी कार्यालय पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने जब मंडी सचिव से बड़े कांटे पर तुलाई लगाने की मांग रखी तो आरोप है कि सचिव ने बड़े कांटे पर तुलाई करने के बजाय बार-बार व्यापारियों का पक्ष लेते नजर आए। इस पर कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मंडी सचिव शासन के प्रतिनिधि हैं और उनकी जिम्मेदारी किसानों के हितों की रक्षा करना है। उन्हें व्यापारियों का पक्ष लेने के बजाय किसानों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

भुगतान और हम्मालों व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

कांग्रेस नेताओं ने तुलाई के अलावा मंडी में किसानों को होने वाली अन्य परेशानियों का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि किसानों को समय पर भुगतान नहीं किया जाता, वहीं कई बार बाहरी हम्मालों को मंडी परिसर में काम करने की अनुमति दे दी जाती है, जिससे स्थानीय हम्मालों को रोजगार नहीं मिल पाता। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि इन सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए, अन्यथा किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

जल्द समाधान नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

कांग्रेस नेता अब्बास भमेड़ सिंह मेवाड़ियों ने कहा कि यूरे को विधायक विधायी बाहरे वाली कांग्रेस सरकार के शासन में पूरे मंडी प्रशासन से शासन के निर्देशों की अनदेखी कर रहा है। कभी प्रदेश की अन्नदाता मंडियों में हुमना अन्नदाता को कैद करती जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों के साथ मिलकर मंडी प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे।

ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश सोनकर, सोयाबीनीय पूर्णतः, कांग्रेसनेता चौहान, सोयाबीनीय शासन, पालतीय चौहान, भगवान जाटव, एकलव्य गंगवाल, द्वारदेव मंडी, ओमप्रकाश ठाकुर,

सालों बाद सोयाबीन में लौटी तेजी, 9171 रुपए



डीआर संवाददाता॥जावर

सोयाबीन के भाव में करीब चार साल बाद तेजी देखने को मिल रही है। 13 नवंबर को शुरू हुई तौलाली में भाव 9171 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए थे। हालांकि बुधवार को दाम में करीब 200 रुपए की गिरावट आई। इसके बावजूद किसानों को समर्थन मूल्य 5705 रुपए से 3625 से 2900 रुपए तक अधिक भाव मिल रहे है।

व्यापारियों के अनुसार गत्तों में क्वालिटी वाली साफ और गहराचू, गुजरात व कर्नाटक में कम उत्पादन के कारण सोयाबीन की मांग बढ़ी है। किसानों को आने वाले दिनों में भाव 8 हजार रुपए तक पहुंचने की एम्मीद है। इसी आस में बड़े किसान उपज रोककर बैठे है, जबकि जरूरतमंद किसान खर्च और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए उपज बेच रहे है।

एक सप्ताह में 25 हजार क्विंटल आवक

पिछले एक सप्ताह में मंडी में 20 से 25 हजार क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई है। प्रतिमान में रोजाना 3 से 4 हजार बोरियां पहुंच रही हैं। सीजन अंतिम दौर में होने के बावजूद आवक जारी है।

2022 में भी आए थे ऊंचे भाव

किसानों के अनुसार वर्ष 2022 में भी ऊंचा उत्पादन और फसटों की मांग के चलते सोयाबीन 7 से 10 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक बिका था। रली राठौर सहदेव सिंह ने बताया कि किसतरा बाजार भाव सापांतर योजना के तहत ही अंतिम है।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में तंबाकू नियंत्रण एवं युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के

विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

डीआर संवाददाता॥सीहोर

कलेक्टर श्री कानगुरु के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में पॉलिटेक्निक कॉलेज में तंबाकू नियंत्रण एवं युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 4.0 के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में उद्घटन लेक्चरर एवं जिला तंबाकू नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ. नेहा सिंह ने विद्यार्थियों को तंबाकू एवं उसके विभिन्न उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, मुंह के कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों तथा कैंसर के तुलनात्मक चित्रों की जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू की लत से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान टोबैको फ्री एजुकेटेनल इन्टीट्यूशन के दिशा निर्देशों, डीईपिक संस्थानों तथा तंबाकू मुक्त अभियान संबंधित अन्य जानकारी भी दी गई। एक्ट 2003 के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। साथ ही तंबाकू नियंत्रण में युवाओं की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने की शपथ ली। विद्यार्थियों को स्वयं तंबाकू से दूर रहने के साथ परिवार एवं समाज में भी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षण, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया

डीआर संवाददाता॥सीहोर।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि अभियान के तहत जिले में कुल 583 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 190 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भावस्था के रूप में चिन्हित किया गया।



अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जांच, दवाइयां एवं पराजनी उपलब्ध कराया गया। साथ ही उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर विशेष देखभाल एवं आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर करने की व्यवस्था की गई। गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर यह अभियान संचालित किया।

84.73 लाख की सड़क के बीच खड़े बिजली के खंभे

डीआर संवाददाता॥गैरतगंज

इटावा कला में 8473 लाख रुपए की लागत से बनी सड़क के बीच बिजली के खंभे वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। लोक निर्माण विभाग ने सड़क का निर्माण तो करा दिया, लेकिन बीच में खड़े खंभों को हटाने की व्यवस्था नहीं की। इससे यहां दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।



आदि गोहल्ला से कैलाश श्रीवास्तव के घर की ओर इटावा मुख्य मार्ग तक 300 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के दौरान खंभे हटाने की मांग की गई थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब वाहन चालकों को खंभों से बचकर निकलना पड़ता है। रात में दिखाई नहीं देने से वाहक सवारों के संतुलन बिगड़ने और गिरने की घटनाएं भी हो चुकी हैं।

नैवेद्यकुटी इंजीनियर महेश कुमार तिवारी के अनुसार, बिजली विभाग खंभे हटाने से पहले अनुमति नहीं देता। बात से उन्हें हटाने के लिए लगातार मांग की जाती है।

नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए छात्राओं को किया जागरूक

डीआर संवाददाता॥सीहोर

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सहजापेठा सलकनपुर में 25 नवंबर को स्काउट गाइड ग्रुप मेले का आयोजन किया गया। कुपोषण बीमारियों एवं नशा मुक्ति विषय पर आधारित इस मेले में छात्राओं ने विज्ञान और उत्तीम ज्ञेन्द्री जानकारियों के माध्यम से पुतले एवं उपयोगी साधन का उपयोग कर विज्ञान प्रयोगशाला तैयार की। इसमें उत्पा-दार की जानकारी, प्रयोगों का प्रदर्शन, सुरक्षा और भोजन तो सलाद से जुड़े प्रयोग प्रदर्शित किए गए।



बच्चों ने प्लास्टिक बोतल, रूई और सुखाने से हवा से चलने वाली गाड़ी बनाकर सूचना से गति के सिद्धांत समझाया। नीबू काटने पर लाल रंग दिखाई देने वाले प्रयोग के जरिए अम्लीयता को पीछे लिये वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी गई। मेले में स्वास्थ्य, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के मॉडल तथा पोस्टर भी आकर्षण का केंद्र रहे। आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक और ग्रामीणों ने मेले का अवलोकन किया। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ प्रयोगों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर छात्रसंघ चुनाव के पूर्व अनाम जगत दलबाजी ने बच्चों को स्वव्यवहार वितरित किया। कार्यक्रम में एएसी सुरेंद्र यादव, प्राचार्य गीता सक्सेना, साहित्यकार आकाश माथुर, सतीश त्यागी सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

भूमिपूजन | श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन, विधायक देंगे 15 लाख

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने की घोषणा

डीआर संवाददाता॥जावर

नगर के लगापुरा में कुलवाली बाग्वान समाज के श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य का बुधवार को विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया गया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर के सामने स्थित खाली प्रांगण में टीनशेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे मंदिर परिसर में धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



विधायक इंजीनियर ने कहा कि मंदिर का निर्माण समाज के लोगों के सामूहिक सहयोग से पूरा किया जाएगा। भगवान श्रीराम की प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने मंदिर परिसर को श्रीराम लोक के रूप में विकसित करने की योजना भी साझा की। इसके तहत परिसर में पेवर्स ब्लॉक और टाइल्स लगाए जाएंगे, जिससे मंदिर का स्वरूप और आकर्षक व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाया जा सकेगा।

उन्होंने फूलमाली बाग्वान समाज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के लोग मेहनत से फूलों की खेती करते हैं। इसी फूलों से भगवान की पूजा होती है और धार्मिक आयोजनों में सहारा रहती है।

विधायक ने अपनी अयोध्या यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले श्रीराम मंदिर तिरपाल और टाट की छत के नीचे विराजमान थे, जबकि अब भव्य मंदिर में विराजित हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि लंगापुरा का श्रीराम मंदिर भी भव्य स्वरूप लेगा।

सरपंच मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष प्रहार ठाकरा श्रीकरण और फूलमाली समाज कल्याण समिति अध्यक्ष घासूलाल बाग्वान के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान सरेश राठौर, विशाल चौरसिया, दिनेश सोनी, नरेंद्र कुशवाह और सुशील सोनी सहित समाजजन मौजूद रहे।

जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्रो का आयोजन किया



डीआर संवाददाता॥सैयदा

जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अंतर्गत यू-विन पोर्टल पर 212 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमे से 212 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में 0 से 1 वर्ष तक के 1035 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 389 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 189 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पांच वर्ष तक के शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-02-2083 विदिशा,दिन,गुरुवार ,दिनांक 26 नवंबर 2026

न्यूज गैलरी

याजनला लक्ष्यासान हुई खुशी की पढ़ाई

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों की शिक्षा को मजबूत देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता ने कई बेटियों की अधूरी पढ़ाई की राह में आने वाली परेशानियों को दूर कर दी है। गंजबासौदा तहसील की खुशी सिलावट भी इसका उदाहरण हैं। खुशी बताती हैं कि परिवार की आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई जारी रखना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन लाड़ली लक्ष्मी योजना से मिली छात्रवृत्ति ने उन्हें काफी सहज किया। योजना के तहत कक्षा 6वीं से प्रवेश पर 2 हजार, कक्षा 9वीं में 4 हजार, कक्षा 11वीं और 12वीं में 6-6 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिली। इसके अलावा कॉलेज के प्रथम वर्ष में उच्च शिक्षा के लिए 12 हजार 500 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त हुई।

राज्य और जिला पुरस्कारों के लिए आवेदन मंगाए

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में सम्मान सेवा, महिला एवं बाल संरक्षण, पोषण और साहसिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों से राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन मांगे हैं।

संविधान दिवस आज होंगी कई गतिविधियां

विदिशा। संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आज गुरुवार को जिलेभर में संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान जिला, अनुविभाग, तहसील, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आयोजनों के समन्वय और मार्गदर्शन के लिए जिला पंचायत सीईओ सुरभि तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। दोनों अधिकारी शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन और जनभागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

उत्कृष्ट कार्य करने वर्तों को मिलेगा सम्मान, 30 नवंबर तक करें आवेदन

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं और बच्चों के संरक्षण, सशक्त सेवा, पोषण एवं साहसिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। राणी अवंतीबाई सीता, राजमाता विजयाराजे सिंधिया सम्मान सेवा, निर्भय कुमार महिला-बाल संरक्षण सम्मान सेवा सम्मान और रानी दुर्गावती पुरस्कार से लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। वहीं मुख्यमंत्री राणी सम्मान सेवा, राष्ट्रमाता अहल्याबाई और अहल्या सम्मान सीता पुरस्कार के लिए 5 जनवरी 2027 तक आवेदन लिए जा सकेंगे। पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी विभागीय वेबसाइट उत्कर्षपोर्टल.gov पर उपलब्ध है।

पालन-पोषण के लिए हर महीने मिलेंगे 10 हजार

विदिशा। पति से अलग रहकर तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रही महिला को वन स्टॉप सेंटर की काउंसलिंग से आर्थिक सहायता का रास्ता मिल है। केंद्र की प्रशासक कोर्ट्टी प्रधान के अनुसार महिला की शिकायत पर पति को बुलाकर समझाइश दी गई। काउंसलिंग के बाद पति बच्चों की शिक्षा और भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपए देने की लिखित सहमति पर तैयार हुआ। महिला का भरण-पोषण संबंधी प्रकरण जिला न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी।

अपराधों के प्रति कड़ा संदेश देने को नपा और पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई

शरद गोस्वामी का मकान महज 20 मिनट में जमींदोज , चांद खां के मकान पर फिर गिराया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों के प्रति कड़ा संदेश देने मुन्नाभर को नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। सुबह 9 बजे शुरू हुए इस अभियान में खाताबाखा बेस स्थित आरोपी शरद गोस्वामी का मकान महज 20 मिनट में जमींदोज कर दिया गया। तोपचूना स्थित दूसरे आरोपी चांद खां के मकान पर 9 दिन के भीतर दूसरी बार बुलडोजर चलाया गया। हालांकि घनी आबादी और संकरीली सुरक्षा कारणों से चांद का मकान पूरा नहीं तोड़ा जा सका। जबकि दुष्कर्म की तीसरी घटना के आरोपी विशाल किनर के मकान के दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर नपा सीएमओ लालसिंह डोंडिया भौंरे पर मौजूद कार्यपालन यंत्री (ईई) आरके वर्मा को निर्देश देकर वहां से रवाना हो गए। इसके बाद ईई वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला दिया। दोपहर 12 बजकर 4 मिनट पर उन्होंने ठेकेदार को जाम रोकने के निर्देश दिए। वे दोनों होने की बात कहकर निकल गए। 12 बजकर 11 मिनट पर कार्रवाई पूरी तरह बंद कर दी गई। जैसे ही पोकलैन मौके से वापस जाने लगी, वहां खड़े भाजपा नेता और पार्षद स्वतीन के सामने आ गए। वे पूरा मकान तुड़वाने का दबाव बनाने लगे। इस दौरान ईई आरके वर्मा उन्हें सुरक्षा कारणों की समझाइश देते रहे। नगर नेताओं ने उनसे परिष्ठ पदाधिकारियों को फोन लगाने शुरू कर दिए। इससे मौके पर गहमागहमी बढ़ गई। पार्षदों और पुलिस के बीच तीखी बहस भी हुई। स्थिति संभालने हुए एसडीओपी अमरेश बोहरे ने पोटूक यहा कि मकान तुड़वाने का निर्णय सीएमओ और ईई का है। उन्हें बुलाकर लाएं।

ड्रोन औरदूरबीन के जरिए रखी नजर

पूरी कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले भर का पुलिस बल तैनात रहा। इसके के आसपास के ऊंचे और रिहायशी क्षेत्र अतिसंवेदनशील मान कर पोकला गया। आसपास के मकानों की छतों पर तैनात पुलिस जवान दूरबीन से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए थे। पूरे क्षेत्र की ड्रोन से सर्वेलेंस से भी निगरानी की गई।

2 मामलों में सभी आरोपी गिरफ्तार, 14 साल की विदिशा में दुष्कर्म की 3 घटनाएं सामने आई थीं। पहली वारदात सेप में हुई थी। इसी लोपदुरा ने 14 जुलाई को नाबालिग से दुष्कर्म की। पुलिस ने दो मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीसरे में भी एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। दूसरे की तलाश जारी है।

सुरक्षा के लिहाज से जिले भर का पुलिस बल रहा तैनात

नगरपालिका ने मकान तोड़ने की कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की मांग की थी। इसके बाद जिले भर से पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। व्यवस्था के जिलों से भी पुलिस बल बुलाया गया था। सोशल मीडिया पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही थी। —रोहित कारवानी, एसपी विदिशा

1.6 साल के तेंदुए की हादसे में मौत, टीम पहुंची



डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

करीब 10 माह से न्यानाई के जंगल निवास कर रहे 1.6 साल के तेंदुए की मंगलवार-बुधवार की रात अज्ञातमृत्यु मौत हो गई। कुमार सुबह किसोर तेंदुए का शव सिरोंज-लटेरा हाईवे पर पाटन नर्सरी के पास पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि तेंदुए की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। जबकि 10 माह पहले सिरोंज में महामाई माता के दरबार के आसपास के जंगल में मामा तेंदुए ने अपने दो शावकों के साथ आमद दर्ज की थी। इसके बाद से ही इस मादा तेंदुए और उसके शावकों का महामाई माता के जंगल और पाटन नर्सरी में लगातार विचरण बना हुआ था। इस बीच जंगल में नर तेंदुए के विचरण की जानकारी भी उन वनपति विभाग को मिली थी।

अज्ञ एक्सीडेंट करनेवाले वाहन की तलाशमें वन विभाग का अमला दिनभर एकित्व रहा। रोरटवार्टन के लिए दोपहर में भोपाल से वन्यजीवन दल भी सिरोंज आया। दल ने शव का पोस्टमार्टम किया। दल ने मामले की हकीकत जानने की कोशिश की। एसडीओ सुधीर पटले के मुताबिक मौके पर बारीकी से जांच की गई। तेंदुए के दांत, बाल, नाखून सहित सभी अंग सुरक्षित पाए गए।

प्रथम दृष्टया एक्सीडेंट से मौत

इस तेंदुआ परिवार ने बीते 10 माह के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं की। यह परिवार विर्फ जंगल में आने वाले पशुओं का शिकार कर भोजन कर रहा था। कुमार सुबह सिरोंज-व्यावरा हाईवे शहर से 7 किमी दूर पाटन नर्सरी के समीप किसोर तेंदुए पर रुय शामीनों को दिखाई दिया।

भाजपा के सहयोग सेल में विधायक मुकेश टंडन ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपा के सहयोग सेल के गठन के उपलक्ष्य में जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वयक के निर्देशानुसार कार्रवाई का प्रभावी संचालन और जनभागीदारी सुनिश्चित करने।

उत्कृष्ट कार्य करने वर्तों को मिलेगा सम्मान, 30 नवंबर तक करें आवेदन

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं और बच्चों के संरक्षण, सशक्त सेवा, पोषण एवं साहसिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। राणी अवंतीबाई सीता, राजमाता विजयाराजे सिंधिया सम्मान सेवा, निर्भय कुमार महिला-बाल संरक्षण सम्मान सेवा सम्मान और रानी दुर्गावती पुरस्कार से लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। वहीं मुख्यमंत्री राणी सम्मान सेवा, राष्ट्रमाता अहल्याबाई और अहल्या सम्मान सीता पुरस्कार के लिए 5 जनवरी 2027 तक आवेदन लिए जा सकेंगे। पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी विभागीय वेबसाइट उत्कर्षपोर्टल.gov पर उपलब्ध है।

पालन-पोषण के लिए हर महीने मिलेंगे 10 हजार

विदिशा। पति से अलग रहकर तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रही महिला को वन स्टॉप सेंटर की काउंसलिंग से आर्थिक सहायता का रास्ता मिल है। केंद्र की प्रशासक कोर्ट्टी प्रधान के अनुसार महिला की शिकायत पर पति को बुलाकर समझाइश दी गई। काउंसलिंग के बाद पति बच्चों की शिक्षा और भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपए देने की लिखित सहमति पर तैयार हुआ। महिला का भरण-पोषण संबंधी प्रकरण जिला न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी।

नाबालिग प्रेमिका की हत्या, मृत हालत में अस्पताल पहुंचाकर भागा

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

प्यार, फरेब और हत्या का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। स्वीटा थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक प्रशांत कुर्मी ने पहले सागर के पास रहने वाली 16 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ झूठा प्यार और शादी का वादा किया। इसके बाद उसे घर पर गया तो उसकी खुशकिस्मती पाने गया—लिया और 2 अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी हत्या करवा दी। इतना ही नहीं, आरोपी युवक प्रशांत कुर्मी ने लड़की के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में उसे बालिग और सोशीदुद्धा गर्भवती पत्नी बताकर मृत अवस्था में ही अस्पताल में भर्ती करवा दिया। डॉक्टरी जॉचपर नीलेश दुर्जर का कहना था कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही लड़की की मौत हो चुकी थी। इतना ही आरोपी होने पर स्वीटा थाना पुलिस ने लड़की के शव का पोस्टमार्टम विदिशा मेडिकल कॉलेज में करवाया, तब जाकर इसकी हत्या का राज खुला।

गले में चोट के निशान से गहराया हत्या का शक

एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गंगाजीरन के गले में गहरे चोट के निशान थे। इसीलिए एसडीओपी रिंकू गांगरी को जांच का जिम्मा सौंपा गया था। संदिग्ध परिस्थिति में युवक के मौत होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। इसी दौरान मृतक के परिजनों ने आरोपी प्रशांत कुर्मी पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक प्रशांत कुर्मी, उसकी पत्नी सोशीदुद्धा गर्भवती और 2 अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

था 7 महीने की गर्भवती

स्वीटा थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि प्रशांत कुर्मी नाबालिग युवक के प्रेम संबंध सागर जिले के एक गांव में रहने वाली 16 साल की किशोरी से थे। जनवरी 2026 में आरोपी युवक नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया था। मार्च में दोनों ने कथित तौर पर शादी कर ली थी। मई में पुलिस ने लड़की कोकाउंसलिंग के बाद से बयान कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

अस्पताल में नाबालिग को बताया

सीआईएसटी कॉलेज में प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।



जरूरतमंद विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा भारती ने निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की शुरुआत की है। इस पहल के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पढ़ाई कराई जाएगी। वरिष्ठ का संचालन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक सीआईएसटी कॉलेज, अरिहंत विहार में किया जाएगा। कोचिंग कक्षाओं के सुचारु संचालन की दृष्टि से मुख्य अतिथि के रूप में कुलेन्द्र सिंह एडवोकेट जे एंजालया बुलेन्द्र सिंह सोलंकी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि

जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करना और उसके लिए निरंतर मेहनत करना जरूरी है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर कठिन का चयन करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को बेहतर भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के प्रति

गंगोत्र रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सेवा भारती के विभाग सम्पर्कप्रमुख राकेश भार्गव, जिला अध्यक्ष आनंद वरन, जिला कोष सेवा प्रमुख विनोद दांगी, सुरेश सिंह कुशवाह, गोवर्धन सिंह चौहान, लव अग्रवाल और रोनू ठाकुर एडोट संस्कार केंद्र की प्रतिभिकाएं मौजूद रहीं।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

आनंदपुर। जनसेवा केंद्रों ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और उपचारहीन मरीजों को चिकित्सा चिकित्सकों से उपचार दिलाने के उद्देश्य से गांवों में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके तहत पहला शिविर शुक्रवार को पंचायत भवन में लगाया जाएगा। शिविर में आम 25 रोग, दुर्घटना के बाद लगातों से पीड़ित मरीज, पुराने घाव, हड्डी रोग, जोड़ों के दर्द, गर्भवती महिलाओं की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर और आंखों की जांच की जाएगी। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों का परीक्षण करेगी। शिविर का आयोजन जनसेवा केंद्र के संचालक मनोज कुमार ने किया है।

पिटाई मामला पाटीदार कुर्मी समाज ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, बोले- यह दो पक्षों की लड़ाई

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज।



सिरोंज सिरोंज में बुधवार पीपहर पाटीदार कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोगों, व्यापारियों और अन्य समाजों के लोगों ने पुलिस-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। करीब 60 से 70 लोग शहर में शांति बनाए रखने की अपील लेकर पहुंचे। ज्ञापन देने वालों में पिटाई मामले के आरोपियों के परिवार से सदस्य भी शामिल थे। समाज के दो समाजों की लड़ाई न बनाने की अपीलसमाज में राजा रघुवंशी के आपत्तिजनक रिवीडियो का हवाला दिया गया। अपील

नगरीय ने कहा कि यह दो पक्षों के बीच की लड़ाई है। इसे दो समाजों की लड़ाई नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे शहर में शांति बनाए रखने की अपील करते आए हैं।

एसडीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर जताया

सिरोंज एसडीएम अंकित नागायच बघेल ने कहा कि शासन सभी की सुरक्षा के लिए प्रण करता है। उन्होंने लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी पोस्ट नहीं करने की अपील की, जिससे तनाव फैले। एसडीएम ने बताया कि शासन सोशल मीडिया पर नजर रख रहा है। आवेश नगरिया और बबलू चटौदर ने एसडीएम से मिलने दूसरे खुलवाने की बात भी रखी। इस पर एसडीएम ने आरोपियाम मजिस्ट्रेट को मामले को देखने के निर्देश दिए।

समझाइस

छह महीने में ही टूटने की कगार पर पहुंचा वन स्टॉप सेंटर की समझाइश से फिर साथ रहने को राजी हुए पति-पत्नी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।



शादी के महज छह महीने बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला सिलवाहट तक पहुंच गया। पत्नी ने पति पर दहेज की मांग करने और मारपीट करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई।

रिश्ते में बढ़ती दूरियों के बीच विदिशा के वन स्टॉप सेंटर ने दोनों के बीच बातचीत और समझाइश का रास्ता निकाला। लगातार काउंसलिंग और सकारात्मक सहयोग के बाद आखिरकार दोनों के बीच मतभेद दूर हुए और उन्होंने फिर से साथ रहने का फैसला कर लिया। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कोर्ट्टी

प्रधान के अनुसार महिला (परिवर्तित नाम) की शादी को अभी छह महीने ही हुए थे। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद शुरू हो गया। महिला की शिकायत मिलने के बाद वन स्टॉप सेंटर ने मामले में काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान पति-पत्नी दोनों की अलग-अलग और फिर साथ बैठकर सुनी गई। काउंसलिंग में सामने आया कि दोनों के बीच आपसी विश्वास की कमी, व्यक्तिगत मतभेद और संवाद का अभाव विवाद को प्रमुख वजह बन रहे थे। सेंटर की टीम ने दोनों को एक-दूसरे की भावनाओं को समझने, परिवारिक जिम्मेवारियों और रिश्तों में संवाद के महत्व को लेकर समझाइश दी।

परामर्श से बचा बिखरता परिवार

वन स्टॉप सेंटर की इस पहल से एक बार फिर शब्दित हुआ कि छोटी-छोटी बातों में समय पर समाधान और उचित परामर्श मिल जाए तो टूटने के कगार में पहुंचा हो सकते हैं। सेंटर की टीम महिलाओं को सशक्त के साथ-साथ पारिवारिक रिश्तों के संरक्षण के लिए भी प्रयास कर रही है। इस मामले में दोनों को समझौते से परामर्श लेकर रहे हैं। दोनों ने न्यायालय में आपसी सहमति से तलाक के लिए दायर किया है। दोनों ने न्यायालय के आपसी सहमति से तलाक के लिए दायर किया है। दोनों ने न्यायालय के आपसी सहमति से तलाक के लिए दायर किया है।

खुले आसमान के नीचे प्रसव, दो घंटे तक नहीं पहुंची जननी-108,ऑटो से अस्पताल पहुंची

डीआर संवाददाता ✍ नटेरन

क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। नटेरन पहाड़ी के पास खेतों में बने एक निजी पेयरूमहाउस में लेबरपेन होने के बाद नटेरन से ले जाने के लिए फोन लगाया, लेकिन मदद नहीं मिल सकी। लाल बाजरी बाई ने बताया कि खुले में प्रसव होने के बाद नटेरन से दाई को बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भी नहीं आई। अस्पताल लाने को कहा गया। इसके बाद परिवार ने 200 रुपए किराए पर ऑटो किया और किसी को लेकर नटेरन अस्पताल पहुंचे। किसी की यह तीसरी संतान है। अधिकारियों के अपने-अपने दावे रू बीएमओ नीतू राव का कहना है कि जननी और एंबुलेंस नहीं मिलने की सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत ई-रिक्शा भिजवाया था। उन्होंने यह भी कहा कि नटेरन और गहू सीएचसी के जननी वाहनों की स्थानीय उपलब्धता को लेकर जिला स्तर पर कई बार शिकायत और पत्राचार किया जा चुका है। डीएपम शैलेंद्र लोधी ने कहा कि नटेरन में जननी और 108 वाहन उपलब्ध रहते हैं, लेकिन कई बार गाड़ियां अन्य स्थानों पर व्यस्त रहती हैं। इससे ऐसी स्थिति बन जाती है।बासौदा और शमशाबाद से संचालित होते हैं वाहन किसान धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि महिला दर्द से कराह रही थी।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-02-2083 राजगढ़,दिन गुरूवार दिनांक 26 नवंबर 2026

न्यूज मीलरी

सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर

राजगढ़।भानपुरा सुवालिया रोड पर बरखेड़ा गांव में मंगलवार रात लगभग पौने आठ बजे सड़क पार कर घर जा रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद बाइक चालक भी घायल हो गया। परिजन बुजुर्ग को उपचार के लिए ब्यावरा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बरखेड़ा निवासी जगदीश पुत्र सकरलाल मेहर (58) मंगलवार रात करीब 8 बजे सड़क पार कर अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक चालक को भी चोटें आई हैं।

डंपर ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत

सारंगपुर। शहर की सड़कों पर बेलगाम दौड़ते भारी वाहन एक के बाद एक परिवारों की खुशियां छीन रहे हैं। बुधवार शाम करीब 6 बजे परशुराम चौराहे के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मागु बाई पानी (प्रमोशि परिहार 45 निवासी आलूनी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सीने पर पहुंची पुलिस ने महिला को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डंपर क्रमांक एमपी 38 जेबी 8998 के चालक के खिलाफ धारा 304-ए में प्रकरण दर्ज किया है।

हवाई हमले और ब्लैक आउट की मॉक ड्रिल कल

राजगढ़।आपात स्थिति में हवाई हमले की चेतावनी, ब्लैकआउट और सुरक्षित निकासी की तैयारियों परखने के लिए राजगढ़ में कल शनि. 27 नवंबर को सिविल डिफेंस की दूसरी मॉक ड्रिल होगी। इसका आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय, निरंजन कॉलोनी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। अभ्यास में सिविल डिफेंस स्वयंसेवक, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट और संबंधित एजेंसियां शामिल होंगी।

बाइक चालक फिसलकर गिरेय तीन युवक घायल

ब्यावरा। मलयज के पास मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सामने से आ रहे अज्ञात वाहन की रोशनी से बाइक चालक की आंखें चौंधिया गईं। सड़क दिखाई नहीं देने से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए ब्यावरा सिविल अस्पताल लाया गया, जहां भर्ती कर इलाज किया गया। जानकारी के अनुसार भनौरा गांव निवासी विकास पुत्र केलाश वर्मा (21), सुनील पुत्र मेलालाल वर्मा (21) और सागर वर्मा (23) नरसिंहगढ़ में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे।

हेलीकॉप्टर से जाएगी बारात

पचोर। बेटे की शादी को यादगार बनाने के लिए पाटन खुर्द निवासी फौजी बसंत सिंह चौहान ने अनूठी तैयारी की है। वे अपने बेटे प्रशांत की बारात हेलीकॉप्टर से लेकर जाएंगे। 28 नवंबर को सुबह 8 से 10 बजे के बीच हेलीकॉप्टर पाटन खुर्द से उड़ान भरेगा और ब्यावरा क्षेत्र के आलमपुर चक पहुंचेगा।

एसडीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

एक रास्त पर कपिलेश्वर मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ से लगा जाम

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर धाम में आयोजित सात दिवसीय मेले में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और नागरिक पहुंच रहे हैं। जूते, कपड़ों और खरीदारी के साथ भगवान कपिलेश्वर महादेव के दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़ के चलते मेले में दोपहर तो दिखाई दे रही है, लेकिन आवागमन के लिए एक ही रास्ता होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रवेश और निकासी का पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से एक ही मार्ग पर भीड़ जम्म हो रही है, जिससे जाम की स्थिति बन रही है और भगदड़ की आशंका भी बनी हुई है। मेले में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भीड़ के बीच से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। मंगलवार को स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। पुलिसकर्मियों ने पार्क और आसपास के खेतों के रास्ते लोगों को बाहर निकालकर आवागमन सुचारू करने का प्रयास किया। कई लोग मेले की भीड़ और रास्तों की स्थिति के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं। लोग मेला प्रशासन से वैकल्पिक रास्ते उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व में एक कार्यक्रम के दौरान आवागमन के लिए अलग से रास्ता तैयार किया गया था, लेकिन मेले में आने नागरिकों की सुविधा के लिए पर्याप्त वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था नहीं हो सकी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि हजारों लोगों की आवाजाही को देखते हुए प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग रास्तों की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।



एसडीएम ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

मंगलवार को आवागमन की स्थिति को देखते हुए दोपहर को एसडीएम जय सोलंकी ने तहसीलदार कपिल शर्मा, नगर पालिका सीएमओ दीपक चनरे और विद्युत प्रभारी श्री एई विद्युतवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने आवागमन, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अब प्रशासन के सामने चुनौती है कि मेले की रौनक के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन भी सुनिश्चित किया जाए।



परिसर में डॉक्टर की कार ने 6 लोगों को मारी टक्कर

गर्भवती महिला और दो बच्चे भी घायल, अस्पताल प्रबंधन बोला- डॉक्टर को आए थे



डीआर संवाददाता ✍ गुना

जिला अस्पताल परिसर में बुधवार दोपहर करीब 1 बजे एक डॉक्टर की बेकाबू कार ने छह लोगों को टक्कर मार दी। इसके बाद कार दीवार से जा टकराई। हादसे में चार महिलाएं और दो बच्चे घायल हो गए। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। सभी को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, अस्पताल में पदस्थ डॉ. सुमेध खैरनार अपनी कार (एम.पी. 08 6880) से परिसर से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और वहां मौजूद लोगों को टक्कर मारते हुए दीवार से जा टकराई।

घायल चंदन ने बताया कि वे आंवन से अपनी गर्भवती बहू की सोनोग्राफी कराने आए थे। इसी दौरान कार ने उन्हें और उनकी बहू को टक्कर मार दी। पहले से एक पैर में प्लास्टर होने के कारण हादसे में उनका दूसरा पैर भी क्रैक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शी धर्मवीर सिंह दिल्ली ने कार की तेज रफ्तार और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। वहीं डॉ. आशुतोष पाण्डेय के मुताबिक, कार चलाते समय डॉ. खैरनार को चक्कर आ गए थे, जिससे चालन अनियंत्रित हुआ। प्रबंधन ने बताया कि गर्भवती महिला खतरे से बाहर है। लोगों ने हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

विधायक निधि से लाखों की एंबुलेंस खरीदी, अब खा रही धूल

डीआर संवाददाता ✍ खुजनेर



स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक निधि से दी गई एम्बुलेंस आज खुद इलाज और देखरेख की मोहताज नजर आ रही है। खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस अस्पताल परिसर के पीछे एक कोने में खड़ी धूल खा रही है। जबकि दूसरी ओर गंभीर और जरूरतमंद मरीजों के परिजन उन्हें उपचार के लिए बाहर ले जाने के लिए निजी वाहनों का इंतजाम करने को मजबूर हैं। सवाल यह है कि जब अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध है, तो उसका उपयोग क्यों नहीं हो रहा। मरीजों को अस्पताल से दूसरे स्वास्थ्य केंद्र या बड़े अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिजनों को निजी वाहन किराये पर लेने पड़ रहे हैं। ऐसे में गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

2020-21 में पूर्व विधायक ने विधायक निधि से कराई थी स्वीकृत

इस मामले को लेकर पूर्व विधायक बाबूसिंह तंवर ने सवाल उठाए हैं। बताया कि वर्ष 2020-21 में मेरे द्वारा खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए विधायक निधि से लाखों रुपये खर्च कर एम्बुलेंस स्वीकृत कराई गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के आम नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सुरक्षित और त्वरित इलाज उपलब्ध कराना था। तंवर का कहना है कि जिस उद्देश्य से एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई थी, वह उद्देश्य ही पूरा नहीं हो पा रहा है। अस्पताल प्रबंधन वाहन का संचालन और रखरखाव तक नहीं कर पा रहा है। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते उपयोगी वाहन अस्पताल के पीछे खड़ा होकर धूल खा रहा है। यदि समय रहते इसकी और संचालन की व्यवस्था नहीं की देखरेख आम रखरखाव का व्यवस्था कर कर सरपंच डोरल कराड़ में तब्दील ही समझा है।

धरोहर सप्ताहप्रतियोगिता में बच्चों को नाश्ते में मिले बस पांच चिप्स, थोड़ा सा नमकीन

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



खिलचीपुर कृषि उपज मंडी में बुधवार को मक्का के कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने हंगामा कर एसडीएम बंगले के सामने मुख्य सड़क पर चक्काजाम कर दिया। किसानों का आरोप है कि व्यापारी उनकी मक्का 25 से 26 रुपए किलो खरीद रहे हैं, जबकि मंडी के बाहर 28 रुपए किलो तक साफ बिक रहा है। किसानों ने 30 रुपए किलो भाव देने की मांग की।

किसानों ने आरोप लगाया कि पांच दिन मंडी बंद रहने के बाद बुधवार को नीलामी शुरू हुई तो व्यापारियों ने मनमाने दाम लगाए। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों ने बताया कि व्यापारी कमजोरी का फायदा उठा रहे हैं। कई किसानों ने कहा कि मजबूरी में कम दाम में फसल बेचनी पड़ रही है। हालांकि अधिकारियों ने आसपास की मंडियों के भाव की जानकारी जुटाई और दोबारा बोली लगवाने का आश्वासन दिया।

धरोहर सप्ताहप्रतियोगिता में बच्चों को नाश्ते में मिले बस पांच चिप्स, थोड़ा सा नमकीन

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



बच्चों को कला से माध्यम से धरोहर और संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता ही अपेक्षित सहभागिता नहीं जुटा सकी। निश्चित समयावधि के दौरान बुधवार को जिला पुरातत्व संग्रहालय कार्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की संख्या बेहद कम रही।

प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को सम्मिलित होना था, लेकिन आयोजन स्थल पर अपेक्षा से कम बच्चे पहुंचे। ऐसे में सवाल उठता है कि जब बच्चों को घरेलू और स्कूली से जोड़ने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया, तो इसकी जानकारी समेकित रूप से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने के प्रयास क्यों नहीं किए गए।

फोटो वायरल करने की धमकी देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी की जमानत

डीआर संवाददाता ✍ गुना

लक्ष्मीखाली खास डीह में शादीशुदा महिला की फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने के आरोपी की जमानत याचिका जिला कोर्ट ने खारिज कर दी। आरोपी महिला को ब्लैकमेल कर दिल्ली और फिर गुंबई ले गया था, जहां एक होटल में रुके दिन तक एक ही कमरे में महिला के साथ रुकने के दौरान उसके निजी पलों का वीडियो बना लिया था। इसी वीडियो के आधार पर आरोपी ने महिला को धमकाया और बार-बार दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने 19 सितंबर को गुनागुंजी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला की मेडिकल जांच कराई और कोर्ट में बयान दर्ज कराए। इसके आधार पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराएं बढ़ाई गई। महिला ने बताया कि आरोपी शाहरुख खान (22) ने उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। आरोपी ने पहले दोस्ती कर फोटो मांगकर उसे ब्लैकमेल किया।

421 गांवों में 6 दिसंबर तक जलापूर्ति बंद, 36 घंटे पंप

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

राघव जल सी-भाई पाल परियोजना के तहत रेलवे क्षेत्र में वी-मॉडल पाइपलाइन शिफ्टिंग के चलते राघवगढ़, ब्यावरा और खिलचीपुर के 421 गांवों में 6 दिसंबर तक पानी की सप्लाई बंद रहेगी। इसी पहले जल विभाग ने 36 घंटे लगातार पंप संचालन करेगा गहरे और 374 गांवों तक पानी पहुंचाया।

23 नवंबर को 88 टंकियों से 369 गांवों और 24 नवंबर को 89 टंकियों से 374 गांवों में जलापूर्ति किया गया। 25 नवंबर से पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम शुरू हो चुका है।

जल संकट से निपटने के लिए प्रशासन ने शुरू, एक्सवेटर और टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जलापूर्ति पहले पर टैंकरों से भी

कार्तिक पूर्णिमा कार्तिक पूर्णिमा पर खेड़ापति हनुमान मंदिर में जागरण

मंदिर में महाआरती की व महाप्रसादी का वितरण किया

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार रात नगर के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में भव्य जागरण एवं धार्मिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्री हनुमान का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में भजनों श्री गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन हुआ। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।



आयोजन की शुरुआत रात करीब 9 बजे नगर के व्यवसायी मनोज गोयल के निवास से आरती पूजा समारोह के साथ हुई। इसमें क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी शामिल हुए। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ आरती करते हुए मंदिर पहुंचे। वहां मंदिर के पुजारी लक्ष्मण दास एवं रोजगारपुरा शिक्षक बाबूलाल शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इसके बाद भगवान हनुमान की महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई।

मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा

इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का जागरण उत्सव नगरवासियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख पर्व बनता जा रहा है। उन्होंने समाज और वर्गों के लोगों की सहभागिता सामाजिक एकता और सद्भावना का संदेश देती है। उन्होंने श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपए देने की घोषणा की।

आरती के बाद नूतन कलेक्टर शिवकुमार एंड पाटी ने नूतन और प्राचीन संगीत की प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम सुबह करीब 4 बजे तक चला। आयोजन में समाजसेवी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, समिति सदस्य और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर में दो दिन तक धार्मिक आयोजन होंगे। यहीं पूरे सप्ताह नगर के अन्य मंदिरों में भी जागरण सांस्कृतिक आयोजित किए जाएंगे।

मंडी में अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को नोटिस जारी, जल्द होगी हटाने की कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा



कृषि उपज मंडी ब्यावरा ने करीब 20 व्यापारियों ने निर्धारित स्थान से अधिक पर कब्जा कर रखा है। शिकायत होने पर प्रशासन ने नापजोख कराई थी, जिसमें अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे। नवंबर नोटिस जारी करने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं, ऐसे में अब एसडीएम के द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाए हैं, उनके अवैध कब्जे अब हटाए जाएंगे।

दरअसल पहले प्रशासन ने मंडी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों का एक दल बनाया था। जिसने अतिक्रमण और उसका प्रकार और स्थान चिन्हित किया था। मंडी ने नोटिस तो जारी किए, लेकिन नगरपालिका चुनाव की सुरक्षता हो जाने के कारण उस समय कार्रवाई नहीं हो पाई थी। अब जब नोटिस के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी भी बेखौफ हो गए थे। अब प्रशासन ने दोबारा इस मामले में संज्ञान लिया है। एसडीएम मोहित दुबे ने इस प्रकरण में अतिक्रमणकारी व्यापारियों को नोटिस जारी कर दिए हैं। अब चूंकि मानसून नजदीक निकल चुका है, इसलिए प्रशासन अतिक्रमण हटाने का पूरा मूड बना चुका है। दरअसल जितनी भूमि पर कब्जा किया गया

फल मंडी के भी उपयोग को लेकर दिए निर्देश

उपज मंडी के पीछे की तरफ फल मंडी भी है। एसडीएम ने वहां जिन व्यापारियों के पंजीयन नहीं है, उनके पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वहां बने कक्ष का भी उपयोग करने के लिए मंडी से कहा गया है।